## विधायक बुड़ानिया ने समस्याए सुनीं

**तारानगर,** (निसं)। विधायक नरेंद्र बुड़ानिया ने वार्ड 24 व 25 का सामूहिक चौपाल कार्यक्रम रखा। पार्षद जयनारायण सहारण के नेतृत्व में वार्डवासियों नेसाफा व माला पहनाकर विधायक बुड़ानिया का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पार्षद जयनारायण सहारण ने वार्डवासियों की तरफ से मुख्य सड़क की जो समस्या थी जिसमें पूरी सड़क को ऊँची उठाकर सड़क के दोनों तरफ पानी निकासी के लिए नाला बनाना व पेयजल के लिए 6 इंची नयी पाईप लाइन डालना ये मुख्य मांग थी जो बहुत बड़ी थी। जिसकी समस्या निस्तारण के लिए विधायक बुड़ानिया ने चौपाल में तुरंत घोषणा की विधायक बुड़ानिया ने उक्त विकास कार्यों की घोषणा करते ही उपस्थित वार्ड वासियों ने नरेन्द्र बुड़ानिया जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। चौपाल में सम्बोधित करते हुए विधायक बुड़ानिया ने कहा कि मैंने 4 साल में पूरी विधानसभा क्षेत्र में बहुत विकास कार्य करवाये।

# डॉ. अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने के विरोध में धरना जारी

- झुंझुनूं के दौरासर ग्राम में बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने का मामला
- अनिश्चित काल धरना सातवें दिन भी जारी रहा

**झुंझुनूं**,(निसं)। झुंझुनूं के दौरासर ग्राम में बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोडने व दलित महिला पुरूषों पर पुलिस प्रशासन द्वारा मंत्री के इशारों पर किए गए अत्याचार के विरोध में चल रहा अनिश्चित काल धरना सातवें दिन भी जारी रहा।

धरने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भाम्बू ने कहा की जब तक बाबा साहेब की मूर्ति नहीं लगेगी और समाज को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम नहीं हटेंगे, डटे रहेंगे तथा जल्द ही इस मामले को विधानसभा में भी उठाएंगे। सोमवार को धरना सभा में लालपुर, बुडाना और प्रतापपुरा पंचायत के लोग भी घटनास्थल पर आए और कहा कि यह बाबा साहब का अपमान है तथा अपमान नहीं सहेंगे साथ ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल को.ऑर्डिनेटर व राजस्थान प्रभारी एम.डी.चौपदार ने कहा की जब भी ग्रामवासी मुझे याद करेंगे मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडा रहूंगा। इसके साथ ही भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया, झुंझुनूं ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष बहादुर मल स्वामी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, सरपंच दलीप मीणा, पूर्व सरपंच अर्जुन महला, कृष्ण गावडिया, जैतपुरा सरपंच प्रतिनिधि पवन वर्मा, उदयपुरवाटी भीम सेना जिला अध्यक्ष सुरेश खरडिया, किठाना सरपंच उम्मेद धनखड, पंचायत समिति सदस्य राजेश डारा, कुलदीप सिंह काली पहाडी, सतीश खिचड, असगर अली पहाडियान, बंशीधर भीमसरिया, सुरेश कुमार पूर्व पार्षद बगड, रामसिंह देसूसर, राजेंद्र बुडाना, बजरंग लाल पुनिया प्रतापपुरा, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह शेखावत शिशिया, कैप्टन यूनुस खान, सोती सरपंच अजीत भाम्बू, विश्वेन्द्र नालपुरिया सहित काफी वक्ताओं ने धरना सभा को संबोधित किया। धरने में ग्रामवासी, आस-पास के गांव से भी काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए।

## सेशन न्यायाधीश का अभिनंदन

**चूरू,** (का.सं.)। बार रूम में जिला अभिभाषक संघ की ओर से सोमवार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश बलजीत सिंह का स्थानांतरण होने पर उनका अभिनंदन किया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर बलजीत सिंह का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने की। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बलजीत सिंह ने कहा कि चूरु वासियों का प्यार व सहयोग हमेशा मेरे याद रहेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता बीरबल सिंह लांबा, अंतराम सोनी, अनवर खान, पवन शर्मा, नासिर खान, गफ्फार खान, हसन खान, संजीव वर्मा, गजेंद्र खत्री, नरेंद्र सैनी, शौकत खान, संतोष सैनी, मोहर सिंह लांबा, विजय कस्वां, अख्तर रसूल, धन्नाराम सैनी, महेश प्रताप सिंह, नन्दराम राम, प्रताप सिंह बीदावत, नरेंद्र सिहाग, आदि ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई

**झुंझुनूं**,(निसं)। जिला मुख्यालय स्थित स्टार एकेडमी शिक्षण संस्थान में सोमवार को आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी भामाशाह राजेन्द्र भांबू ,जिले के प्रखर वक्ता एवं कवि मूलचंद झाझडिया, रायसिंह तोगडा प्रभारी पतंजलि योग समिति, मनोज सैनी प्रचारक पतंजलि योग समिति हरिद्वार एवं आशुतोष पतंजलि योग समिति थे । इस अवसर पर मैनेजमेंट के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित अतिथियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीपदान कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजेंद्र भांबू ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के महानायक थे। उन्होंने अपने कर्तव्य को निभाते हुए देश पर अपनी जान कुर्बान कर दी। वह एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश को आजाद कराने के लिए और दुनिया से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड फेंकने के लिए प्रण लिया। वह देश छोड जर्मनी जापान होते हुए सिगापुर पहुंचे। उन्होंने वहां पर जेल में बंद बंदियों को रिहा करवा कर अपनी एक फौज तैयार कर देश को आजाद कराने के लिए निकल पडे। उन्होंने जय हिद व दिल्ली चलो का नारा दिया था। उनका नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा से देश के सभी नौजवानों में एक जोश पैदा किया था । मूलचंद झाझडिया ने अपने चिर परिचित अंदाज में अपनी कविता में सुभाष से कार्यक्रम को देशभक्ति के रंग से सरोबार कर दिया। कार्यक्रम में स्वागत संदेश के रूप में संस्था एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने बच्चों को नेताजी के संघर्षों के बारे में बताया तथा उनके दिखाए हुए आदर्शों पर चलने और उनके आदर्शों को अपने हृदय में संजोए रखने के लिए प्रेरित किया।

# 'हर खेत की हो गिरदावरी'

**सूरजगढ** ,(निसं)। उपखंड कार्यालय के सामने पूर्व सांसद संतोष अहलावत के नेतृत्व में विभिन्न किसान संगठनों ने सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया ।

किसानों ने हर खेत की सही गिरदावरी कर पूरा मुआवाजा की मांग को लेकर सूरजगढ नगरपालिका, राष्ट्रीय किसान संगठन, सूरजगढ सरपंच फोरम, सूरजगढ ग्राम सहकारी सेवा समिति के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम के मार्फत सीएम अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा। अहलावत ने कहा कि पिछले दिनों पडे पाले से किसान की फसल बर्बाद हो गई है। सरकार को अन्नदाता किसानों की कदर व परवाह करनी चाहिए। हर खेत की इकाई मानकर सही गिरदावरी कर पटवारी रिपोर्ट करें। जिससे किसानों मुआवाजा मिल सके। इसके अलावा बीमा कंपनियों को भी सर्वे में शामिल किया जाए। खेतों की बंटाईदार किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। किसानों के साथ गिरदावरी को लेकर हो रहे छल कपट को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मौके पर पूर्व चेयरमैन पार्वती देवी, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, सुरेंद्र चौहान, पार्षद राजेंद्र सौंकरिया, संतोष कुमावत, वाइस चेयरमैन रामस्वरूप जांगिड, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह गादली, मनरूप घरडाना, पूर्व उप प्रधान, अनिल ठोलिया, बेरला सरपंच प्रतिनिधि मुकेश शर्मा, सरपंच रामचंद्र किढ वान, पार्षद रामजीलाल सैनी, दिलीपसिंह, हरिराम, रामजीलाल, लक्ष्मणसिंह, नंदलाल दूदवा, मंजीत दोबडा, राजेश नेहरा पीपली, पूर्व सरपंच चंदगीराम सैन, वीरेंद्र बसेरा, कृष्ण फतेहपुरा सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने पथ संचलन निकाला

**रतनगढ़,** (निसं)।श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर व श्री दुर्गाप्रसाद धानुका बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर से सोमवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्मदिन पर नगर के प्रमुख मार्गों से विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा पथ संचलन निकाला गया।

पथ संचलन को समिति जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा, अध्यक्ष मदनलाल कम्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वैद्य, वासुदेव चाकलान, ओमप्रकाश पुजारी, दौलत दायमा, परमेश्वर आत्रेय व आनन्द चौधरी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। संचियालाल बैद में रैली को पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, अरविन्द इन्दोरिया, मदन सैनी, अमरचन्द्र दायमा, ओमप्रकाश जांगिड़ ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पथ संचलन व रैली का नगर के मुख्य मार्गों पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन में घोष की ध्वनी पर विद्यालय के छात्र-छात्रायें कदम से कदम मिलाकर चले और रैली में सुभाष चन्द्र बोस, भारतमाता व महारानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानन्द की आकर्षक झांकियां थी। वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लोकेश चौमाल, सुनील महर्षि, श्रीकृष्ण स्वामी, नरेन्द कुमार चौमाल एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित था।

## कार्यालय प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. किशनपुरा, तह. राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक :-लेखा/नीलामी/2023/1025 दिनांक :- 23.01.2023

**-: खुली नीलामी बोली सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में उपलब्ध अनुपयोगी/अप्रचलित/नकारा घोषित सामानों जिनका कुल पुस्तक मूल्य रू. 72120 मात्र है, को दिनांक 03/02/2023 समय दोपहर 12.15 बजे से खुली नीलामी बोली द्वारा निस्तारित किया जाना है। इस हेतु इच्छुक बोलीदाता अमानत राशि रू. 1443/- मात्र सुबह 10.15 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय की लेखा (कैशियर) शाखा में नगद जमा करवाकर नीलामी बोली में भाग ले सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद अमानत राशि स्वीकार नहीं की जावेगी। अन्य शर्तें किसी भी कार्यालय कार्य दिवस/समय में विद्यालय में देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य
राउमावि किशनपुरा (चूरू)

## सार्वजनिक आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू के वार्ड सं. 15 मोहल्ला सरावगीयान में निम्न आसे-पासे व माप की- 42.72 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.03.2012 के द्वारा श्रीमती कुसुमदेवी धर्मपत्नी श्री आनंद जाति अग्रवाल नि. राजगढ़ द्वारा खरीदशुदा स्थित है। जिस भूखण्ड को विक्रेतागण गोविन्दराम पुत्र द्वारकाप्रसाद, अनिल पुत्र स्व. महावीर प्रसाद, राहुल पुत्र स्व. रामगोपाल, शंकरलाल पुत्र द्वारकाप्रसाद, बृजमोहन पुत्र स्व. द्वारकाप्रसाद जाति अग्रवाल लुहारीवाला ने स्वयं एवं जरिये मुख्तयार सुरजीत कुमार आदि के ने अपने मालकाना स्वामित्व, हक हिस्सा की पट्टा नं. 24 दिनांकित 21.11.1936, पट्टा नं. 25 दिनांकित 21.11.1936, पट्टा नं. 23 दिनांकित 11.05.1965 तीनों पट्टे की कुल- 42.72 वर्गमीटर भूमि अपने पूर्वज-लुहारीवाला, सुगनचंद, जगन्नाथ के तहत एवं पैत्रिक संपति का बंटवारा दिनांकित 03.11.1977 व पारिवारिक बंटवारा दिनांक 21.03.2012 के तहत अपने हक हिस्सा स्वामित्व की अंकित करते हुवे रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दि. 28.03.2012 निष्पादित सुदा है, जिस बतौर श्रीमती कुसुमदेवी, धर्मपत्नी आनंद जाति अग्रवाल निवासी राजगढ़ अपनी उक्त संपति ए.यू. स्माल फाइनेंस बैंक लि. शाखा चूरू के यहां रहिन रख ऋण सुविधा प्राप्त कर रही है। अतः उक्त पट्टा सं. 23, 24, 25 दिनांकित 21.11.1936, 11.05.1965 के किसी भी हितधारी या सुगनचंद जगन्नाथ लुहारीवाला नि. राजगढ़ के किसी भी वारिशान वा आमजन को कोई आपत्ति, ऐतराज (objection) हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में ऐतराजात प्रस्तुत करें, बाद मियाद बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत कर दिये जाने उपरान्त ऐतराजात स्वीकार्य नहीं होंगे।

आसा-पासा व माप भूखण्ड

| उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|
| अग्रवाल सभा | रास्ता | कैलाश लुहारीवाला | महावीर प्रसाद शर्मा |

कुल भूखण्ड-42.72 वर्ग मीटर

रामलखन भार्गव, शाखा प्रबंधक
AU Small Finance Bank Ltd. चूरू
मो नं. 9928092550
विनोद कुमार सोनी, एडवोकेट
चेम्बर नं. 25, कोर्ट कैम्पस, चूरू
9414333756

## सार्वजनिक आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू के वार्ड सं. 15 मोहल्ला शीतला बाजार में निम्न आसे-पावसे का 74.07 वर्गमीटर माप का एक भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांकित 28.3.2012 के द्वारा श्रीमती कुसुम देवी धर्मपत्नी श्री आनंद जाति अग्रवाल निवासी राजगढ़ द्वारा खरीदसुदा स्थित है। जिस भूखण्ड को विक्रेतागण गोविन्दराम पुत्र द्वारकाप्रसाद, अनिल पुत्र स्व. महावीर प्रसाद, राहुल पुत्र स्व. रामगोपाल, शंकरलाल पुत्र द्वारकाप्रसाद, बृजमोहन पुत्र स्व. द्वारकाप्रसाद जाति अग्रवाल लुहारीवाला ने स्वयं एवं जरिये मुख्तयार सुरजीत कुमार आदि ने अपने मालकाना स्वामित्व, हक हिस्सा की पट्टा नं. 69 दिनांकित 15.03.1934, नम्बर मिसल 260 तारीख मरजुआ 13.09.1932 तहसील राजगढ़ की पट्टा सुदा अपने पूर्वज लुहारीवाला सुगनचन्द जगन्नाथ के तहत एवं पैत्रिक संपति का बंटवारा नामा दिनांकित 03.11.1977 पारिवारिक बंटवारा नामा दिनांकित 21.03.2012 के तहत अपने हक हिस्सा की अंकित करते हुए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दि. 28.03.2012 निष्पादित सुदा है, जिस बतौर श्रीमती कुसुमदेवी, धर्मपत्नी आनंद जाति अग्रवाल निवासी राजगढ़ अपनी उक्त संपति ए.यू. स्माल फाइनेंस बैंक लि. शाखा चूरू के यहां रहिन रख ऋण सुविधा प्राप्त कर रही है। अतः उक्त पट्टा सं. 69 दिनांक 15.03.1934 के किसी भी हितधारी या सुगनचंद जगन्नाथ लुहारीवाला नि. राजगढ़ के किसी भी वारिशान वा आमजन को कोई आपत्ति, ऐतराज या objection हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में अपने objection पेश करें, बाद मियाद बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत कर दिये जाने उपरान्त ऐतराजात स्वीकार्य नहीं होंगे।

आसा-पासा व माप भूखण्ड

| उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|
| रास्ता | भूमि लुहारीवाला | सांवरमल शर्मा | महावीर प्रसाद शर्मा |

कुल भूखण्ड-74.07 वर्ग मीटर

रामलखन भार्गव, शाखा प्रबंधक
AU Small Finance Bank Ltd. चूरू
मो नं. 9928092550
विनोद कुमार सोनी, एडवोकेट
चेम्बर नं. 25, कोर्ट कैम्पस, चूरू
9414333756

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address -eonp.sdlp@yahoo.in Phone :- 01559 - 222039

क्रमांकः-न.पा.रा/2023-24/4848 दिनांकः-23.01.2023

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन/खांचा भूमि नियमन/स्टेट ग्रान्ट एक्ट/69ए हेतु आवेदन किया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में व लोक सूचना के लिए 07 दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। संपूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| | | 69क आपत्ति सूचना | | |
| 1 | 939/17.01.2023 | नवीन कुमार जांगिड़ पुत्र अमरसिंह जांगिड़ वार्ड नं. 06 गोगाजी मंदिर के पास, राजगढ़ (चूरू) | 121.12 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 2 | 940/17.01.2023 | सुप्यार सिंह पुत्र दयाल सिंह राजपूत, वार्ड नं. 1 नायकान, राजगढ़ (चूरू) | 167.22 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 3 | 941/17.01.2023 | विक्रम सिंह पुत्र बलवंत सिंह, वार्ड नं. 06 पारखों की बगीची के पास, राजगढ़ (चूरू) | 83.61 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 4 | 942/17.01.2023 | श्रीमती निजमा पत्नी श्री उम्मेद, वार्ड नं. 39 तेलीयान संस्था के पास, राजगढ़ (चूरू) | 68.76 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 5 | 943/17.01.2023 | मुमताज बेग मुगल पुत्र श्री अब्दुल बेग मुगल, वार्ड नं. 24 धीरू खां की ढाणी राजगढ़ | 92.33 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 6 | 944/17.01.2023 | मोहम्मद इकबाल पुत्र श्री नवाब खान, वार्ड नं. 25 धीरू खां की ढाणी राजगढ़ (चूरू) | 81.40 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 7 | 945/17.01.2023 | रमजान पुत्र श्री जुमरदीन खां, वार्ड नं. 25 धीरू खां की ढाणी राजगढ़ (चूरू) | 82.98 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 8 | 946/17.01.2023 | निसार पुत्र जुमरदीन खान, वार्ड नं. 25 धीरू खां की ढाणी, राजगढ़ (चूरू) | 81.51 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 9 | 947/17.01.2023 | रजाक खां पुत्र श्री जुमरदीन, वार्ड नं. 25 धीरू खां की ढाणी, राजगढ़ (चूरू) | 79.79 वर्ग मीटर | आवासीय |

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| | | कृषि भूमि नियमन | | |
| 1 | 4625/06.01.2023 | अरविन्द कुमार पुत्र श्री मीर सिंह, वार्ड नं 11 (15) एम.पी. कॉलोनी राजगढ़ (चूरू) | 1673 | 276.82 वर्गमीटर |
| 2 | 4626/06.01.2023 | सुरेश देवी पत्नी श्री जयवीर सिंह, वार्ड नं. 29 नया 28, आईडियल स्कूल के पीछे, राजगढ़ | 143 | 368.56 वर्गमीटर |
| 3 | 4627/06.01.2023 | श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री जयनारायण, वार्ड न 29 नया 38, आईडियल स्कूल के पीछे, राजगढ़ | 143 | 158.41 वर्ग मीटर |
| 4 | 4628/06.01.2023 | श्री कुलवंत पुत्र श्री राजवीर, वार्ड नं. 29 (38) आईडियल स्कूल के पीछे राजगढ़ (चूरू) | 143 | 185.45 वर्ग मीटर |
| 5 | 4629/06.01.2023 | श्रीमती मुनेश देवी पत्नी श्री विजेन्द्रसिंह, वार्ड नं. 28 (36) सिद्धमुख रोड, राजगढ़ (चूरू) | 66 | 297.26 वर्ग मीटर |
| 6 | 4630/06.01.2023 | संतोष पत्नी रमेश कुमार, वार्ड नं. 28(38) सिद्धमुख मोड के पास, राजगढ़ (चूरू) | 2082/77 | 125.41 वर्ग मीटर |
| 7 | 4631/06.01.2023 | श्रीमती इन्द्रावती पत्नी जयनारायण, वार्ड नं. 29 (38) आईडियल स्कूल के पीछे राजगढ़ (चूरू) | 143 | 368.56 वर्ग मीटर |
| 8 | 4632/06.01.2023 | श्रीमती बबीता पत्नी श्री रमेश कुमार वार्ड नं. 28(38) आईडियल स्कूल के पीछे राजगढ़ (चूरू) | 143 | 185.79 वर्ग मीटर |
| 9 | 4633/06.01.2023 | अनील कुमार पुत्र श्री रामधन, वार्ड नं. 12(16) डी.सी. कॉलोनी के पास, राजगढ़ (चूरू) | 779/780 | 185.79 वर्ग मीटर |
| 10 | 4634/06.01.2023 | अशोक कुमार पुत्र श्री हनुमान प्रसाद प्रजापत व रमेश कुमार पुत्र श्री हंसराज प्रजापत, पैराफेरी क्षेत्र, एनएच 52 बाईपास, राजगढ़ (चूरू) | 2697/2485 | 185.79 वर्ग मीटर |
| 11 | 4635/10.01.2023 | सिकन्दर अली पुत्र समसुदीन, वार्ड नं. 21 (26) कुब्बा मस्जीद के पास, राजगढ़ (चूरू) | 1139 | 373.43 वर्ग मीटर |
| 12 | 4636/10.01.2023 | सिकन्दर अली पुत्र श्री समसुदीन, वार्ड नं. 13 (23) बहल रोड, राजगढ़ (चूरू) | 1079 | 111.47 वर्ग मीटर |
| 13 | 4637/10.01.2023 | सुनील कुमार पुत्र श्री शेरसिंह, वार्ड नं. 02 नया 13 मोहल्ला खेमाणा रोड, राजगढ़ (चूरू) | 2556/1449 | 255.46 वर्ग मीटर |
| 14 | 4638/10.01.2023 | अजय सिंह पुत्र श्री भादरसिंह, वार्ड नं. 28 (38) मोहल्ला जाट नगर, राजगढ़ (चूरू) | 2187/141 | 84.55 वर्ग मीटर |
| 15 | 4639/10.01.2023 | बिमला देवी पत्नी सुरेश कुमार वार्ड नं. 01, मोहल्ला नायकान, राजगढ़ (चूरू) | 561 | 68.74 वर्ग मीटर |
| 16 | 4640/11.01.2023 | मैनावती पत्नी ओमप्रकाश, वार्ड नं. 38 जाट नगर कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 82 | 414.56 वर्ग मीटर |
| 17 | 4641/11.01.2023 | मोहनलाल पुत्र गुलजारी लाल वार्ड नं. 36, मोहल्ला धाणकान, राजगढ़ (चूरू) | 258 | 175.92 वर्ग मीटर |
| 18 | 4642/11.01.2023 | मनोज कुमार पुत्र गुलजारी लाल वार्ड नं. 36, मोहल्ला धाणकान, राजगढ़ (चूरू) | 258 | 186.30 वर्ग मीटर |
| 19 | 4643/11.01.2023 | शुकन्तला देवी पत्नी श्री हवासिंह, वार्ड नं. 13 राजगढ़ (चूरू) | 211 | 464.50 वर्ग मीटर |
| 20 | 4644/11.01.2023 | शकुन्तला देवी पत्नी श्री हवासिंह, वार्ड नं 36, सिद्धमुख रोड के पास राजगढ़ (चूरू) | 66 | 177.44 वर्ग मीटर |
| 21 | 4645/11.01.2023 | राजबाला पत्नी महावीर सिंह, वार्ड नं. 38 मोहल्ला जाट नगर राजगढ़ (चूरू) | 75 | 84.22 वर्ग मीटर |
| 22 | 4646/11.01.2023 | राजबाला पत्नी महावीर सिंह, वार्ड नं. 38 मोहल्ला जाट नगर राजगढ़ (चूरू) | 75 | 116.9 वर्ग मीटर |
| 23 | 4647/11.01.2023 | विनोद कुमार पुत्र दीपाराम, वार्ड नं. 25 धीरू खां की ढाणी राजगढ़ (चूरू) | 1133 | 94.96 वर्ग मीटर |

(सुरेन्द्र कुमार मीणा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)

## उत्तर पश्चिम रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

G20

**ई-निविदा सूचना संख्या : 02-2023-GSU-BKN** **दिनांक: 21.01.2023**

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से अनुलग्नक - 'A' में संलग्न सूचीबद्ध विक्रेताओं की सूची से निम्नलिखित कार्यों के लिए 04.02.2023 को 14:00 बजे तक नीचे दिए अनुसार सीमित ई-निविदा आमंत्रित करते है।

| SN | निविदा संख्या | कार्य का नाम व स्थान | अनुमानित लागत मूल्य. | बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02R-2023-GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **लालगढ़** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 12,88,979.00 | Rs. 25,800.00 |
| 2 | 03-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **सूरतगढ़** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 11,26,108.00 | Rs. 22,500.00 |
| 3 | 04-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **हनुमानगढ़** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 13,55,928.00 | Rs. 27,100.00 |
| 4 | 05-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **श्री गंगानगर** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 14,26,223.00 | Rs. 28,500.00 |
| 5 | 06-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **मंडी डबवाली** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 8,05,111.00 | Rs. 16,100.00 |
| 6 | 07-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **गोगामेड़ी** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 8,64,069.00 | Rs. 17,300.00 |
| 7 | 08-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **सिरसा** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 13,05,165.00 | Rs. 26,100.00 |
| 8 | 09-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **हिसार** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 13,46,155.00 | Rs. 26,900.00 |
| 9 | 10-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **भिवानी** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 11,21,821.00 | Rs. 22,400.00 |
| 10 | 11-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **चरखी दादरी** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 8,26,765.00 | Rs. 16,500.00 |
| 11 | 12-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **कोसली** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 7,58,518.00 | Rs. 15,200.00 |
| 12 | 13-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **महेंद्रगढ़** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 8,10,157.00 | Rs. 16,200.00 |
| 13 | 14-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **सादुलपुर** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 12,40,800.00 | Rs. 24,800.00 |
| 14 | 15-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **चूरू** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 11,52,998.00 | Rs. 23,100.00 |
| 15 | 16-2023 GSU-BKN | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के **रतनगढ़** रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, शहरी डिजाइनिंग, अनुमान, निविदा अनुसूचियां और अन्य संबंधित कार्यों की तैयारी के लिए वास्तुकला और तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकार के चयन के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। | Rs. 10,41,394.00 | Rs. 20,800.00 |

**निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय: बोली शुरू होने की तारीख 21.01.2023 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 04.02.2023 को 14:00 बजे तक।**

**नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जार सकती है।

87-AK/23 हमें /NWRailways पर फॉलो करें

